कार्यालय महानिदेशक,राज्य पोषण मिशन उत्तर प्रदेश।

पत्रांक C-2959 /रा.पो.मि./कॉल सेन्टर/2020–21 दिनांक 27 जनवरी, 2021

समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी/
प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी
उत्तर प्रदेश।

विषयः– प्रदेश में अनुपूरक पुष्टाहार की नवीन व्यवस्था के रूप में ड्राई राशन के वितरण को प्रभावी बनाने के निमित्त कॉल सेन्टर के माध्यम से फीडबैक प्राप्त करने के सम्बन्ध में।

जैसा कि आप भिज्ञ हैं कि प्रदेश में अनुपूरक पुष्टाहार की नवीन व्यवस्था के रूप में ड्राई राशन का वितरण स्वयं सहायता समूह के माध्यम/सहयोग से किया जा रहा है। ड्राई राशन के प्राप्ति/वितरण को DIA पोर्टल पर निरन्तर फीड भी किया जा रहा है। अनुपूरक पुष्टाहार की इस नवीन व्यवस्था को पारदर्शी व सुगम बनाने के साथ–साथ इसके अनुश्रवण हेतु राज्य स्तर पर एक कॉल सेन्टर स्थापित किया गया है, जिसके माध्यम आंगनवाड़ी कार्यकत्री, स्वयं सहायता समूह व लाभार्थियों को फोन करके उनका फीडबैक प्राप्त करने के साथ–साथ अनुपूरक पुष्टाहार के प्राप्ति/वितरण का वैरिफिकेशन भी कराया जा रहा है।

कॉल सेन्टर द्वारा अवगत कराया गया है कि कतिपय कॉल या तो रिसीव नहीं हुए या मोबाईल न0 गलत/कॉल अवरूद्ध था। कॉल सेन्टर से प्राप्त आप द्वारा DIA पोर्टल पर फीड किए गए गलत/कॉल अवरूद्ध मोबाईल न0 की परियोजना/जनपद वार सूची आपको ई0मेल द्वारा प्रेषित की जा रही है। काल सेन्टर द्वारा किए गए कॉल यथा सम्भव रिसीव हों, इसलिए आवश्यक है कि विभाग के सभी कर्मचारी/ अधिकारी, सभी कार्यकत्री/लाभार्थी को कॉल सेन्टर का नम्बर **05226180600** की जानकारी हो। जब भी इस न0 से कोई कॉल आए तो वे अवश्य रिसीव करें और इस न0 को अपने मोबाईल में सेव कर लें।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि कॉल सेन्टर के नम्बर **05226180600 को** विभाग के सभी कर्मचारी/अधिकारी, सभी कार्यकत्री/लाभार्थी को सूचित करते हुए उनके मोबाईल में सेव करा दें तथा गलत/कॉल अवरूद्ध मोबाईल न0 को DIA पोर्टल पर यथाशीघ्र संशोधित करते हुए सूचना राज्य पोषण मिशन की मेल snmgoup@gmail.com पर प्रेषित करें। कॉल सेन्टर के सम्बन्ध में स्थानीय समाचार पत्र में प्रेस–नोट के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार भी करायें।

संलग्नक - ई0मेल

27/01/2021
(कपिल सिंह)
निदेशक।

पृष्ठांकन पत्र संख्या ——— /तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक, राज्य पोषण मिशन।
2. निदेशक,बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0।
3. समस्त जिलाधिकारी उ0प्र0।
4. समस्त मुख्य विकास अधिकारी उ0प्र0।
5. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकरी उ0प्र0।

(कपिल सिंह)
निदेशक।